कुल मुद्रित पृष्ठो की संख्या-11

परमाणु ऊर्जा केंद्रीय विद्यालय 1, हैदराबाद

ATOMIC ENERGY CENTRAL SCHOOL 1, HYDERABAD

आत्मविश्वास परीक्षा (फरवरी-2026)/ Confidence Test (Feb-2026)

कक्षा /Class - III अवधि / Time: 3 hrs

विषय / Subject-हिन्दी अधिकतम अंक /Max Mark: 80

विद्यार्थी द्वारा भरा जाए/ To be filled by the student

विशिष्ट परीक्षा संख्या/ Unique Examination No: _____

कक्षा/अनुभाग: Class/Sec._____ दिनांक/ Date: - _____

परीक्षा का दिन/ Day of Examination: _____

विद्यालय का नाम/ Name of the School: _____

निरीक्षक के हस्ताक्षर (दिनांक साहित)/ Invigilator's Sign (With date): - _____

अध्यापकों द्वारा भरा जाए /To be filled by the Teacher

प्राप्तांक/ Marks Obtained: - _____ पूर्णांक/ Total Marks: - _____

परीक्षक के हस्ताक्षर (दिनांक साहित)/ Examiner's Sign (With date): - _____

जाँचकर्ता के हस्ताक्षर (दिनांक साहित)/ Cross Checker's Sign (With date): -_____

परीक्षा प्रभारी के हस्ताक्षर (दिनांक साहित)/ Exam I/C Sign (With date): - _____

सामान्य निर्देश/General Instructions:

1. **सभी प्रश्नों के उत्तर निर्देशानुसार लिखिए |**
2. **सभी प्रश्न करना अनिवार्य है |**
3. **प्रश्नों के अंक उनके सामने अंकित हैं |**
4. **स्वच्छता एवं सुंदर लेख का विशेष ध्यान रखें |**

(पठन क्षमता पर आधारित प्रश्न - 20 अंक)

प्रश्न 1- निम्नलिखित पठित अनुच्छेद को पढ़कर नीचे लिखे प्रश्नों के उत्तर लिखिए - (5)

एक जंगल में खरनखर नाम का एक सिंह रहता था | एक दिन उसे बहुत भूख लगी| वह आहार की खोज में पूरे जंगल में घूमता रहा , पर एक चूहा तक हाथ नहीं लगा| इस खोज में ही शाम हो गई | अँधेरा हो रहा था | इसी समय उसे एक माँद दिखाई दी | रात काटने के लिए वह उसी में घुस गया |

क. जंगल में कौन रहता था ?

ख. शाम होने के समय सिंह को क्या दिखाई दिया ?

ग. सिंह जंगल में क्यों घूम रहा था ?

घ. दिए गए गद्यांश से चंद्रबिंदु ( ) वाले कोई दो शब्द खोजकर लिखो |

ड. समान अर्थ वाला शब्द लिखो -

आहार = ----------

प्रश्न 2- निम्नलिखित पठित पद्यांश को पढ़कर प्रश्नों के उत्तर लिखिए - (5)

एक पिटारा हमने खोला ,
उसमें से निकला गप्पू गोला |
गोले पर जब बाँधी सुतली ,
लगा नाचने बन कठपुतली |

कठपुतली ने गाढ़े खूँट ,
उसमें निकले नौ सौ ऊँट |
उन ऊँटों पर हुई सवारी ,
मिली राह में एक सुपारी |

क. पिटारा खोलने पर उसमें से क्या निकला ?

ख. पंक्ति पूरी करो -

गोले पर जब बाँधी सुतली , लगा नाचने बन ---------- |

ग. दी गई पंक्तियों में गिनती के कौन -कौन से अंक आए हैं ?

घ. समान तुक वाला शब्द खोजकर लिखो -

सवारी - ----------

ड.) वचन बदलो -

पिटारा - ----------

प्रश्न 3) निम्नलिखित अपठित गद्यांश को पढ़कर नीचे लिखे प्रश्नों के उत्तर दीजिए -

तुलसी का पौधा लगभग दो - तीन फुट ऊँचा होता है | इसकी बहुत-सी टहनियाँ चारों तरफ फैलती हैं | तुलसी के पत्ते गोलाई लिए हुए और छोटे होते हैं | इसकी प्रत्येक डाल पर फूलों की एक बाल निकलती है , जिसको मंजरी कहते हैं | मंजरी में बड़ी मीठी गंध होती है | जब मंजरी पककर सूख जाती है , तब बीज नीचे मिट्टी में गिर जाते हैं | वर्षा के दिनों में इन्ही बीजों से सैकड़ों छोटे-छोटे नए पौधे उग जाते हैं |तुलसी एक जीवनरक्षक औषधि है | जिस आँगन में तुलसी का पौधा लगा होता है ,वहाँ रोग के कीटाणु प्रवेश नहीं करते हैं |

(क) उचित उत्तर पर सही का निशान लगाओ - (5)

1) घर के आँगन में कौन-सा पौधा लगाया जाता है ?

i) तुलसी का ii) आम का iii) पीपल का

2) तुलसी का पौधा कितने फुट ऊँचा होता है ?

i) एक फुट ii) चार फुट iii) दो - तीन फुट

3) तुलसी के पौधे पर लगे फूलों की बाल को क्या कहा जाता है ?

i) नंजरी ii) मंजरी iii) तंजरी

4) तुलसी कैसी औषधि है ?

i) जीवनरक्षक ii) नई iii) जीवननाशक

5) जिस आँगन में तुलसी का पौधा लगा होता है , वहाँ रोग के _____ प्रवेश नहीं करते हैं |

(ख) 1. समान अर्थ वाला शब्द लिखो - 1

औषधि = _____

2. वचन बदल कर लिखो - **1**

टहनी - ----------

(ग) सही कथन पर ( ) और गलत कथन पर (X) का निशान लगाइए - **3**

1. मंजरी की गंध मीठी नहीं होती है | ( )
2. तुलसी के पत्ते गोल और छोटे होते हैं | ( )
3. गर्मी के दिनों में इन्ही बीजों से छोटे -छोटे नए पौधे उग जाते हैं | ( )

(पाठ्य पुस्तक पर आधारित प्रश्न - 10 अंक)

प्रश्न 4 - उचित उत्तर पर सही का निशान लगाइए -

क. थिमक्का को और किस नाम से जाना जाता है ? **1**

(जलमाता / वृक्षमाता)

ख. हाल ही में चाँद पर सफलतापूर्वक उतरने वाले यान का क्या नाम है ? **1**

(चंद्रयान -2 / चंद्रयान -3)

ग. **नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए -**

1) " हम अनेक हैं किन्तु एक हैं " इस पंक्ति का क्या अर्थ है ? **2**

---

2) किन्हीं दो ऐसे खेलों के नाम लिखो जिनमें दो टीमें आमने - सामने होती हैं | **2**

---

3) पेड़ क्या - क्या काम करते हैं ? **2**

---

4) अम्मा ने बरगद के पौधे लगाने क्यों शुरू किए थे **?** **2**

(रचनात्मक लेखन - 10 अंक)

प्रश्न 5(क) किसी एक विषय पर पाँच वाक्य लिखिए - 5

(मेरा प्रिय खेल / हमारा देश - भारत)

(ख). चित्र को ध्यान से देखकर उसके बारे में पाँच वाक्य लिखिए - **5**

(व्याकरण - 15 अंक)

प्रश्न 6 (क) समान ध्वनि वाले शब्द लिखो - **2**

उदा. - रंग - अंग

i) बोलियाँ - ----------

ii) प्यारा - ----------

(ख) दिए गए मुहावरे का अर्थ लिखकर वाक्य में प्रयोग करो - **2**

सिर चकराना - ----------

वाक्य - ----------

(ग) नीचे लिखे समान अर्थ वाले शब्दों का मिलान करो - **2**

कंठ	वेश - भूषा
पहनावा	सामने
विविध	गला
समक्ष	कई प्रकार के

(घ) वचन बदलकर लिखो - **2**

i) गुब्बारा - ----------

ii) घोड़ा - ----------

(ड.) " पुस्तक रख सिमरन चारों ओर देखने लगी |" इस वाक्य में से नाम वाले शब्द (संज्ञा) छाँटकर लिखो - **1**

--- ---

(च) उचित विपरीत अर्थ वाले (विलोम) शब्द भरकर वाक्य पूरे करो - **2**

i) सिंह इस समय भी माँद के <u>भीतर</u> है या ---------- निकल गया |

ii) लगातार परिश्रम करने से <u>कठिन</u> काम भी ---------- हो जाता है |

(छ) दिए गए शब्दों के पर्यायवाची (समान अर्थ) लिखो - **2**

i) पेड़ - ----------

ii) चंद्रमा - ----------

(ज) लिंग बदलकर लिखो - **2**

i) पुत्र - ---------- ii) माता - ----------

(शब्दावली - 10 अंक)

प्रश्न 7. (क) 'यान' जोड़कर शब्द बनाकर लिखो - **2**

i) वायु - ----------

ii) जल - ----------

(ख) <u>थिमक्का</u> मे <u>'क्का'</u> आया है | ऐसे ही द्वित्व व्यंजनों के कोई दो शब्द सोचकर लिखो - **2**

i) ---------- ii) ----------

(ग) दिए गए वाक्यों के लिए उचित शब्द छाँटकर लिखो - **3**

(चिकित्सक , शिक्षक , वैज्ञानिक)

i) विज्ञान की नई खोज करने वाले - ----------

ii) रोग की चिकित्सा करने वाले - ----------

iii) शिक्षा देने वाले - ----------

(घ) घर के अंदर खेले जाने वाले किन्हीं दो खेलों के नाम लिखो | **1**

(ड.) अपने देश की किन्ही दो प्रसिद्ध नदियों के नाम लिखो | **2**

(वर्तनी - 10 अंक)

प्रश्न 8 (क) नीचे दिए गए शुद्ध शब्दों पर गोला लगाओ - **3**

i) अंतर्यामी	अंतर्यामि	अंतरयमी
ii) मात्रभूमि	मातृभूमी	मातृभूमि
iii) उदाहरड़	उदाहरण	उदाहरढ़

(ख) वर्णों के क्रम बदलकर सार्थक शब्द बनाओ - **3**

i) रा / र्ग / मा / ज - ----------

ii) न / प्र / ज्ञा - ----------

iii) रि / प / म / श्र - ----------

(ग) नीचे लिखे वाक्यों को शुद्ध करके लिखो - **2**

i) हम सब मैदान में खेलता है |

---

ii) मेरे पिताजी ने नया कार खरीदी |

(घ) शब्द पूरे करो - **2**

i) हो _____ यारी ii) _____ मुंदर

iii) सालू _____ रदा iv) परि _____ म

(सुलेख - 5 अंक)

प्रश्न 9- नीचे लिखे अनुच्छेद को सुंदर लेख में लिखिए -

उस माँद में दधिपुच्छ नाम का एक सियार रहा करता था | वह माँद की ओर आ रहा था | माँद के द्वार पर आकर उसने देखा टो उसे सिंह के पैरों के चिन्ह दिखाई दिए | चिन्ह माँद की ओर जाने के लिए तो थे , पर लौटने के नहीं थे | उसने सोचा , हे भगवान ! आज तो मेरी जान पर ही आ बनी | इसके भीतर अवश्य कोई सिंह घुसा बैठा है |